श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

नई दिल्ली-११००१६

**अतिआवश्यक**

क्रमांकः- एफ3/ल.ब.शा./2020-21/2751 दिनांक :- 7.12.2020

## कार्यालय आदेश

कोविड महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण शैक्षणिक सत्र 2020-21 में प्रवेश हेतु आनलाइन माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न की गई। शास्त्री कक्षा में प्रवेश हेतु निर्धारित स्थानों की पूर्ति के लिए समय-समय पर प्रवेश हेतु तिथि बढ़ाई गई थी। इस सम्बन्ध में सभी विभागाध्यक्षों को सूचित किया जाता है कि :-

1. शैक्षणिक सत्र 2020-21 प्रथम वर्ष में कुल 129 छात्रों द्वारा विभिन्न विभागों में अपना पंजीकरण करवाया है। संगणक विभाग से प्राप्त सूची के अनुसार यह पाया गया है कि कुछ छात्रों द्वारा अपना मूल विषय को चयन करने वाला प्रपत्र भर कर आनलाईन माध्यम से जमा नहीं करवाया गया है।
2. शैक्षणिक नियम परिचायिका में प्रदत्त नियमानुसार प्रत्येक छात्र को पाठ्यक्रम अनुसार मौलिक चयनात्मक पाठ्यक्रम (समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, हिन्दी एवं अंग्रेजी) विषयों में से कोई एक विषय लेना होगा। परन्तु अभी तक सभी छात्रों द्वारा अपने-अपने विषय का चयन कर विभाग को सूचित नहीं किया गया जिसके कारण छात्रों की पूर्ण सूची, कक्षाओं का संचालन तथा उपस्थिति प्रपत्र तैयार करने में असुविधा हो रही है।

इस संबंध में सभी संकाय प्रमुखों/विभागाध्यक्षों एवं अध्यापकों से निवेदन है कि वह अपने-अपने विभाग में पंजीकृत छात्रों को विषयों का चयन करने के संबंध में जानकारी प्रदान करने का कष्ट करें।

**सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)**

**प्रतिलिपिः-**

1. समस्त संकाय प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष
2. उपकुलसचिव (परीक्षा एवं शैक्षणिक)
3. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि वह उक्त सूचना को वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. कुलपति एवं कुलसचिव के निजी सचिव

सत्यसिंह

**सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)**

for upload on website

08/12/2020